यूपीजीआईएस-2023

यूपी में निवेश की बूंदें नहीं, निवेश का समंदर लाना है लक्ष्य

-नीदरलैंड्स कंट्री पार्टनर सेशन में बोले डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य- योगी सरकार की नीतियों से निवेशकों का बढ़ा भरोसा

-कहा- उत्तर प्रदेश में हैं सुरक्षा समेत किसी भी क्षेत्र में सबसे शानदार नीतियां

-यूपी को असीमित संभावनाओं के क्षेत्र के तौर पर देख रहा है नीदरलैड्सः मार्टेन वॉन डेन बर्ग

लखनऊ, 11 फरवरी। उत्तर प्रदेश में निवेश करने वालों का स्वागत है, मगर अभी तो केवल निवेश की बूंदें टपकी हैं, हमें इसे समुद्र जैसा बनाना है। भारत में सुरक्षा समेत किसी भी क्षेत्र में सबसे शानदार नीतियां फिलहाल उत्तर प्रदेश में हैं। जीआईएस के माध्यम से कई बड़े प्रस्ताव आए हैं और हम आपको भरोसा देना चाहते हैं कि डबल इंजन की सरकार पूरे सरकारी तंत्र को निवेश के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय है। यह बातें डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने यूपीजीआईएस के तहत नीदरलैंड्स कंट्री पार्टनर के सेशन में कहीं। इस अवसर पर केशव प्रसाद मौर्य ने नीदरलैंड्स के इंडियन हाईकमिश्नर मार्टेन वॉन डेन बर्ग का स्वागत भी किया।

उत्तर प्रदेश में भी लागू है विकास का मोदी मॉडल

डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि भगवान राम के छोटे भाई शेषावतार लक्ष्मण जी की नगरी लखनऊ में आपका स्वागत करता हूं। पार्टनर कंट्री के तौर पर नीदरलैंड्स हमारा महत्वपूर्ण साझेदार है। दोनों देशों का कारोबार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यहां उत्पादन और उपभोक्ताओं की कमी नहीं है। हमें जब नीदरलैंड्स जाने का मौका मिला तो मैने पाया कि दोनों देशों का रिश्ता बेहद पुराना है। यहां अप्रवासियों में भारतीयों की संख्या एकदम दूध में चीनी घोलकर मिठास बढ़ाने वाली है। हम आपको प्रदेश में निवेश करने के लिए सादर आमंत्रित करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा निर्यात भी बढ़ रहा है। मुझे पहले नहीं पता था कि फिलिप्स की मूल कंपनी नीदरलैंड्स की है। मुझे लगता है फिलिप्स भारत के घर-घर में पहुंचा हुआ है। मैं आपसे आह्वान करता हूं कि निवेश के हर संभव अवसर पर कार्य करें। हमारा लक्ष्य निवेशकों के मार्ग में आने वाली बाधाओं का निराकरण करना है। विकास के मोदी मॉडल को ही हम उत्तर प्रदेश में भी पूर्ण रूपेण लागू करने के लिए आश्वस्त करते हैं।

उज्ज्वल है यूपी-नीदरलैंड्स का भविष्यः मार्टेन

नीदरलैंड्स के इंडियन हाईकमिश्नर मार्टेन वॉन डेन बर्ग ने कहा कि यूपी 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनने की ओर चल पड़ा है। नीदरलैंड्स दुनिया की सबसे ग्लोबलाइज्ड इकॉनमी है। 3000 से ज्यादा भारतीय कंपनियां नीदरलैंड्स में कार्यरत हैं। भारत में भी हमारी हजारों कंपनियां कार्यरत हैं। हमने भारत की स्वतंत्रता को भी मान्यता दी थी। हम उत्तर प्रदेश को असीमित संभावनाओं के क्षेत्र के तौर

पर देखते हैं। हम दोनों भविष्यगामी योजनाओं के लिए प्रतिबद्ध हैं। यूपी और नीदरलैंड्स का भविष्य उज्ज्वल है और इस उज्ज्वल भविष्य के भागीदार हम सब बनें यह एक बड़ा गर्व का विषय है। मार्टिन ने हिंदी में नमस्कार से स्पीच की शुरुआत की और अंत बहुत बहुत धन्यवाद कहकर किया।

इससे पहले, सीआईआई उत्तर प्रदेश स्टेट काउंसिल के चेयरमैन एवं टेक्निकल एसोसिएट्स इंडस्ट्रीज लि. के सीईओ विनम्र अग्रवाल ने कहा कि नीदरलैंड्स ऑरेंज और भगवा में समानता है। नीदरलैंड्स हाई ट्रेड सरप्लस है। फूड प्रोसेसिंग, रीफाइनिंग व इंजीनियरिंग में अग्रणी है। फूड प्रोसेसिंग में नीदरलैंड्स और यूपी में काफी समानताएं हैं। 1.7 करोड़ की जनसंख्या और ईयू में 5वीं सबसे बड़ी जीडीपी नीदरलैंड्स को एक बड़ा इंटरनेशनल प्लेयर बनाती है। एग्रो, फूड प्रोसेसिंग समेत कई सेक्टर्स में हम साथ काम कर रहे हैं। 23 बिलियन डॉलर की दोनों देशों में साझेदारी है और नीदरलैंड्स भारत का बड़ा इनवेस्टमेंट पार्टनर है।